भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4028
19.03.2021 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम

4028. श्रीमती मंजुलता मंडल :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एन.ए.पी.) के अंतर्गत 2020-21 के कार्यक्रम के अनुसार 3.54 करोड़ रूपए की दूसरी किस्त अभी केंद्र सरकार द्वारा नहीं जारी की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग) राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी) स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित राज्य-विशिष्ट वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान 10 राज्य वन विकास अभिकरणों (एसएफडीए) को 40.42 करोड़ रूपए की धनराशि जारी की गई है। उनमें से एसएफडीए, ओडिशा ने राज्य में विद्यमान अनुमोदित संशोधित मजदूरी दर के आधार पर वर्ष 2020-21 के लिए संशोधित कार्ययोजना प्रस्तुत की और इस संशोधित कार्ययोजना के अनुसरण में 3.54 करोड़ रूपए की दूसरी किस्त जारी करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय में उक्त प्रस्ताव प्राप्त हुआ था लेकिन स्कीम के अंतर्गत निधियों की अनुपलब्धता के कारण उस पर विचार नहीं किया जा सका।

****